राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–103/2024

राजभवन में सिक्किम दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 25 मई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित सिक्किम के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सिक्किम ने काफी प्रगति की है और हमें इसपर गर्व है। सिक्किम की सरकार एवं प्रशासन के साथ वहाँ के लोगों के सहयोग के कारण यह राज्य देश का पहला जैविक प्रदेश बन सका और आज पूरी दुनिया इसकी सराहना कर रही है। उन्होंने कहा कि सिक्किम का प्राकृतिक सौन्दर्य अत्यन्त मनोहारी है और वहाँ के लोग इसे संरक्षित एवं संवर्धित करने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। सिक्किम के लोगों की भाँति दृढ़निश्चयी एवं तत्पर होकर हम भी अपने प्रदेश को सुंदर और सुविकसित बना सकते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि सिक्किम की संस्कृति, प्रकृति और विचार भारत के ही हैं। हमारा देश और हमारी संस्कृति एक है और इसी कारण भारत श्रेष्ठ है। हमारे देश के विभिन्न राज्यों की अलग–अलग संस्कृति भारतीय संस्कृति के ही अलग–अलग रंग हैं और वे एक साथ मिलकर इन्द्रधनुषी सुंदर भारतीय संस्कृति का निर्माण करते हैं। अपने देश की इन विविधताओं के बीच की एकता को हमें बनाए रखने की आवश्यकता है। पूरे देश के सभी लोग आपस में भाई–बहन हैं और इस विचार को लेकर आगे बढ़ने पर भारत आगे बढ़ेगा। बिहार में रहनेवाले सिक्किम के लोगों का इस राज्य के विकास में योगदान होना चाहिए।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सिक्किम की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सिक्किम के माननीय राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के वीडियो संदेश का प्रसारण तथा सिक्किम पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले सिक्किम के छात्र–छात्राएँ, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण, कर्मीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....